पेज थ्री देहरादून

हमारा दून

देहरादून बृहस्पतिवार 10 सितंबर 2020





ओरा इन्फीनी के मास्टर ट्रेनर राजवीर सिंह ग्रामीण महिलाओं को ट्रेनिंग देते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए दिया धरना प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव हरीश रावत के नेतृत्व में उत्तराखंड प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष, सुशील राठी के आह्वान पर किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदर्शन कर धरना दिया और उपवास पर रहे। इस अवसर पर कहा कि आंदोलन को तेज किया जायेगा। आज उधमसिंह नगर जिले के काशीपुर में गन्ना आयुक्त कार्यालय पर किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता ओर किसान इकटठा हुए और वहां पर उन्होंने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदर्शन कर धरना दिया।

### प्रदर्शन करते हुए हिमालय को बचाये जाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। हिमालय दिवस पर राजधानी में अनेक संगठनों ने ढोल की थाप पर प्रदर्शन करते हुए हिमालय को बचाये जाने की मांग की है। आज विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता गांधी पार्क में इकटठा हुए और वहां पर ढोल की थाप पर प्रदर्शन किया और जनगीत गाते हुए हिमालय को बचाने के लिए सरकार से कार्ययोजना तैयार करने की मांग की गई ओर इस दिशा में हिमालय को बचाने का संकल्प लिया और सरकार से भी इस दिशा में ठोस पहल किये जाने की मांग की गई।

### यूकेडी ने प्रदेश सरकार के खिलाफ दिया धरना

**संवाददाता** देहरादून। बेरोजगारों को रोजगार प्रदान किये जाने सहित अनेक मांगों के समाधान के लिए उत्तराखंड क्रान्ति दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर धरना दिया और मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। केंद्रीय अध्यक्ष दिवाकर भट्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ता केन्द्रीय कार्यालय कचहरी में इकटठा हुए और बेरोजगारों को रोजगार प्रदान किये जाने सहित अनेक मांगों के समाधान के लिए प्रदर्शन कर धरना दिया।

### हैंड होल्डिंग सपोर्ट की पूरी जिम्मेदारी ओरा इंफिनी को दी गई

**संवाददातां** देहरादून। आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड और वोकल फॉर लोकल की दिशा में राज्य में स्थापित ग्रोथ सेंटर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एलईडी ग्रोथ सेंटर थानों की ट्रेनिंग और हैंड होल्डिंग सपोर्ट की पूरी जिम्मेदारी देहरादून में एलईडी बनाने वाले कम्पनी ओरा इंफिनी को दी गई थी। उन्हे इस काम के लिए एक वर्ष का समय तय किया गया था पर ओरा इन्फीनी के मास्टर ट्रेनर राजवीर सिंह ने दिन रात एक करके ग्रामीण महिलाओं को मात्र छह महीने में ही कच्चा माल खरीदने, बनाने और बेचने की पूरी ट्रेनिंग दे दी।

# वन विभाग के माध्यम से लगभग 10 हजार लोगों को रोजगार दिया जाए

**बैठक**

■ मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में उत्तराखण्ड कैम्पा की बैठक सम्पन्न हुई

■पौधों का सर्वाईवल रेट बढ़ाने पर दिया जाए ध्यानः मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड कैम्पा की बैठक सम्पन्न हुयी। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि वनों के विकास के लिए पौधारोपण के साथ–साथ उनकी सुरक्षा पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। पौधों का सर्वाईवल रेट बढ़ाने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जानी चाहिए। इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।



**अपने प्रदेश को वापस लौटे लोगों को रोजगार की आवश्यकता हैः** मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग रोजगार सृजन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि कोविड–19 के दृष्टि गांवों को लौटे प्रदेशवासियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जल संरक्षण, पौधारोपण, नर्सरी विकास एवं वन सम्पत्ति की सुरक्षा के क्षेत्र में रोजगार सृजित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने प्रदेश को वापस लौटे लोगों को रोजगार की आवश्यकता है। राज्य सरकार द्वारा लगभग 10 हजार लोगों को ऊर्जा विभाग के माध्यम से 25 वॉट के सोलर प्लांट्स के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। वन विभाग द्वारा भी कम से कम 10 हजार लोगों को रोजगार देने के प्रयास किए जाएं। इससे हमारे गांव एवं हमारे वन दोनों लाभान्वित होंगे।

**वन्य पशुओं से सुरक्षा के लिए सोलर फेंसिंग बहुत ही कारगर**

मुख्यमंत्री ने बुग्यालों के संवर्द्धन के लिए कॉयर नेट और पिरूल चेकडैम के साथ ही भीमल के इस्तेमाल पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि वन्य पशुओं से सुरक्षा के लिए सोलर फेंसिंग बहुत ही कारगर है परन्तु सोलर फेंसिंग की सुरक्षा के लिए लोगों को भी जागरूक किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष रोकथाम के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जल संवर्धन हेतु वन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जल संवर्धन हेतु चेकडैम, चालखाल एवं ट्रेंच निर्माण के अच्छे परिणाम रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयन दिवस के अवसर पर प्रदेश के स्कूल एवं कॉलेजों को 10 हजार पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता के लिए 10–10 हजार रूपए की राशि उपलब्ध कराई जा सकती है। इससे स्कूल एवं कॉलेज के माध्यम से प्रकृति के प्रति जनजागरूकता फैलायी जा सकेगी।

बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतिकरण के माध्यम से उत्तराखण्ड कैम्पा योजना के तहत पिछले तीन वर्षों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव वन श्री आनन्द वर्धन, प्रमुख वन संरक्षक श्री जयराज, सचिव श्री अमित नेगी एवं वन विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

### वनों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु लगातार किए जा रहे प्रयास

वन मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि वन विभाग द्वारा वनों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। श्रम विभाग द्वारा लगभग 10 हजार लोगों को भीमल के लिए प्रशिक्षण दिया गया था। इन प्रशिक्षित लोगों का प्रयोग बुग्यालों के संवर्धन हेतु कॉयर नेट और पिरूल चेकडैम आदि के निर्माण के लिए किया जा सकता है।

# बदरीनाथ का पौराणिक और आध्यात्मिक महत्व बना रहे: पीएम मोदी

**समीक्षा**

■पीएम ने केदारनाथ के पुनर्निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की




देहरादून। **संवाददाता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष वीडियो कांफ्रेंसिग द्वारा श्री बदरीनाथ धाम के मास्टर प्लान पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। साथ ही श्री केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण कार्यों की प्रगति की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, मुख्य सचिव ओमप्रकाश, सचिव दिलीप जावलकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री ने निर्देश दिये कि श्री बदरीनाथ धाम के मास्टर प्लान में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि वहां का पौराणिक और आध्यात्मिक महत्व बना रहे। मिनी स्मार्ट, स्पिरीचुअल सिटी के रूप में विकसित किया जाए।

निकटवर्ती अन्य आध्यात्मिक स्थलों को भी इससे जोडा जाए। बदरीनाथ धाम के प्रवेश स्थल पर विशेष लाइटिंग की व्यवस्था हो जो आध्यात्मिक वातावरण के अनुरूप हो। बद्रीनाथ का मास्टर प्लान का स्वरूप पर्यटन पर आधारित न हो बल्कि पूर्ण रूप से अधात्मिक हो। प्रधानमंत्री ने केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की।

**बदरीनाथ व केदारनाथ के विकास कार्यों में स्थानीय लोगों का सहयोग मिल रहाः सीएम**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि बदरीनाथ धाम व केदारनाथ धाम के विकास कार्यों में स्थानीय लोगों का सहयोग मिल रहा है। निकटवर्ती गांवों में होम स्टे पर काम किया जा रहा है। सरस्वती व अलकनंदा के संगम स्थल केशवप्रयाग को भी विकसित किया जा सकता है। बदरीनाथ धाम में व्यास व गणेश गुफा का विशेष महत्व है।

**श्रद्धालुओं के लिए चारधाम यात्रा काफी सुविधाजनक हो जाएगीः पर्यटन मंत्री**

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना और चारधाम राजमार्ग परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है। इससे श्रद्धालुओं के लिए चारधाम यात्रा काफी सुविधाजनक हो जाएगी।

**सरस्वती घाट पर आस्था पथ का काम पूरा हो गयाः सीएस**

मुख्य सचिव ओमप्रकाश ने ब्रह्म कमल की नर्सरी के लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है। नर्सरी के लिए बीज एकत्रीकरण का कार्य किया जा रहा है।

### सीएम ने पं.गोविन्द बल्लभ पंत की जयंती पर याद किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने भारत रत्न पं.गोविन्द बल्लभ पंत का उनकी जयन्ती पर भावपूर्ण स्मरण किया है। पं.गोविन्द बल्लभ पंत की जयंती की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने उन्हें महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देशभक्त, समाजसेवी तथा कुशल प्रशासक बताया। उन्होंने कहा कि पं.पंत ने देश को नई दिशा देने के साथ ही कुली बेगारी प्रथा तथा जमींदारी उन्मूलन के लिए निर्णायक संघर्ष कर समाज में व्याप्त इन बुराईयों को मिटाने में अहम भूमिका निभाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिन्दी को राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं देश के गृहमंत्री रहते आधुनिक भारत के निर्माण में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पं. गोविन्द बल्लभ पंत का संघर्षशील एवं प्रेरणादायी नेतृत्व देशवासियों के लिये सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।